# मानगो नगर निगम ने कोरोना का टीकाकरण कैंप लगाया

## कौशल प्रशिक्षण केंद्र की 220 महिलाओं को लगा टीका



**जमशेदपुर** . मानगो नगर निगम के अंतर्गत संचालित कौशल प्रशिक्षण केंद्र व साईं ब्यूटी एंड हेल्थ केयर डिमना रोड में स्पेशल टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया. कौशल प्रशिक्षण केंद्र में कुल 220 महिलाओं का कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए टीका लगाया गया . निगम के कार्यपालक पदाधिकारी दीपक सहाय ने टीकाकरण शिविर का निरीक्षण किया. इस दौरान सभी लोगों को मास्क पहने व सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने को कहा. इस अवसर पर सीएमएम निर्मल कुमार, सीओ पुष्पा टोप्पो, सीआरपी मनोरमा एवं प्रतिमा, प्रशिक्षण केंद्र की संचालक सविता सिंह, संजीव कुमार, शिक्षक, शिक्षिकाएं, स्वास्थ्य कर्मी आदि उपस्थित थे .

**नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार**

Toll free no.: 1800-120-2929 | Website : www.dmajharkhand.in | Follow us on : @JharkhandDMA